मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

वर्ष : 41 ■ अंक : 238 ■ शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

www.ulhasvikas.com

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

कार्तिक स्टारर भूल भुलैया-3 में पलक तिवारी की एंट्री

# अंबरनाथ नगर परिषद की बड़ी तोड़क कार्रवाई

- 16 घरों को किया जमींदोज
- पुलिस का कड़ा बंदोबस्त रहा
- निवासियों का आरोप - बिल्डरों के कहना पर की गई कार्रवाई





यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मिर्चीवाड़ी नालंबी रोड शहर पश्चिम के 16 निवासी घरों को पुलिस के जबरदस्त बंदोबस्त के साथ जमींदोज़ कर दिया है. निवासियों ने घर तोड़ने का विरोध भी किया, लेकिन उनकी प्रशासन ने एक नहीं सुना. अतिक्रमण विभाग के अधिकारी संदीप कांबले एवं नरेंद्र संखे ने मुख्याधिकारी डॉ. रसाल एवं अभिषेक पराडकर के आदेश पर ये कार्रवाई की है. नपा ने 48 घंटे में घर खाली करने के लिए निवासियों को नोटिस जारी किया था. जिसका विरोध करते हुए निवासियों ने उन्हें जगह देने की मांग की थी. हमें यहां के निवासियों ने बताया कि कुछ बिल्डरों ने इन घरों को तोड़ने के लिए नपा पर दबाव बनाया था. लेकिन नपा प्रशासन ने अपने खुलासे में कहा है कि यहां से 18 मीटर चौड़ा डीपी प्लान के अनुसार सड़क नालंबी रोड से वाधवा काम्प्लेक्स तक बनाई जा रही थी, जिसके लिए ये 16 घर बाधित हो रहे थे. एक बयान में ये भी कहा गया है कि इस जगह का निजी मालिक है. उसे टीडीआर दिया जाएगा. उसमें से 16 घरों के निवासियों को जगह मिलने की मांग करना चाहिए जबकि यहां की वर्षों पुरानी निवासी आदिवासी महिला नंदा वाघे का कहना है कि ये जगह उनकी है. ये किसी और की जगह नहीं है. नगर परिषद ने कार्रवाई नहीं करना चाहिए था. यहां के 16 निवासियों के घरों को बचाने के लिए आलम खान ने प्रयत्न किया था. यहां के ये निवासी अब आंदोलन पर उतारू हो गए हैं.

## क्राइम डायरी...

### कटिंग मशीन चोरी

**उल्हासनगर.** खेमानी इंडस्ट्रियल एरिया में भारत मार्बल नामक दुकान से अज्ञात चोर 2 टाइल्स मार्बल कटिंग मशीन चोरी कर ले गया, जिसकी कीमत 5 हजार रुपए बताई गई है. महेश मोरंदमल मोहनानी (56) का खेमानी इंडस्ट्रियल एरिया, उल्हासनगर-2 में भारत मार्बल दुकान है. 11 दिसंबर की शाम 6 बजे से 13 दिसंबर की सुबह 8.15 बजे के दरम्यान अज्ञात चोर भारत मार्बल से 2500 हजार रुपए के 2 बॉश कंपनी के टाइल्स मार्बल कटर चोरी कर ले गया.

### पल्सर बाइक चोरी

**उल्हासनगर.** सी ब्लाक में चोपड़ा कोर्ट की ओर जाने वाली सड़क पर पार्क की गई बजाज पल्सर बाइक चोरी हो गई. विजय भगवान सोनावणे (40) ने अपनी बजाज पल्सर बाइक (क्र. एमएच 05 सीए 6142) चोपड़ा कोर्ट से गुरुद्वारा की ओर जाने वाली सड़क पर अपने घर के सामने ही खड़ा किया था. जहां से 12 दिसंबर की रात 8.30 बजे से 13 दिसंबर की सुबह 10.30 बजे के दरम्यान कोई बाइक चोरी कर ले गया.

उल्हासनगर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने

# नहीं मनाया शरद पवार का जन्मदिन







- अपने ही नेता को भूले गंगोत्री व कालानी गुट

**उल्हासनगर।** 12 दिसंबर 1940 को जन्मे महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शरद पवार जिन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पक्ष की स्थापना 10 जून 1999 को की थी। राकांपा राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार के 12 दिसंबर को संपन्न हुए जन्मदिन के उपलक्ष्य में राज्य सहित जिले में राकांपाईयों ने कई कार्यक्रम रखे थे लेकिन उल्हासनगर में राकांपा द्वारा कोई भी कार्यक्रम अथवा बॅनरबाजी नहीं की गई थी। उल्हासनगर में राकांपा के दो गुट हैं जिनमें गंगोत्री व कालानी गुट का समावेश है। हाल ही में कालानी गुट राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार के पास मत्था टेकने उनके ठाणे शहर के दौरे के दौरान गए हुए थे लेकिन उन्होंने श्री पवार के जन्मदिन पर कोई भी कार्यक्रम नहीं किया जबकि सत्ता के दौरान उन्होंने इससे पूर्व कई कार्यक्रम रखे थे। वहीं भरत गंगोत्री गुट द्वारा एक तरफ उपमुख्यमंत्री अजित पवार को समर्थन देने के कारण उनके गुट द्वारा जन्मदिन मनाया नहीं गया था लेकिन कालानी गुट आज भी दो नाव में पैर डालकर चल रहा है। पूर्व विधायक पप्पू कालानी व उनका परिवार श्री शरद पवार को अपना राजनीतिक गुरु मानते हैं और ऐसे में अपने आका का जन्मदिन नहीं मनाना क्या संदेश दे रहा है। कहीं ऐसा तो नहीं कालानी फिरसे भाजपा में जाने की तैयारी कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि शिवसेना से भी उनकी चर्चा चल रही है।

# मोबाइल दुकान में शटर तोड़कर चोरी

**बदलापुर.** मानकिवली गांव के कमानी के पास मौजूद एक मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोर 6 मोबाइल चोरी कर ले गए. जिसकी कीमत 9 हजार रुपए है.

मिली जानकारी के अनुसार मानिकवली गांव के कमानी के पास सारा एनएक्स नामक मोबाइल की दुकान है. 11 दिसंबर की रात 9.10 बजे से 12 दिसंबर की सुबह 6.30 बजे के दरम्यान अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़ा और दुकान में रिपेयरिंग के लिए आए हुए मोबाइल चोरी कर ले गए. जिसमें 2-2 हजार के 3 और 1-1 हजार के 3 मोबाइल हैं. इसी दौरान गुरु चिंतन काम्प्लेक्स, आदर्श जूनियर कालेज के सामने कैफे ड्रिम्स नामक दुकान का भी शटर तोड़ा गया, लेकिन वहां से चोर कुछ चुरा नहीं सके. बदलापुर पुलिस ने भादंसं की धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक बी. के. सोनावणे मामले की जांच कर रहे हैं.

# सेंट्रल अस्पताल के पुनर्निर्माण की मांग

- 45 साल पुराना और जर्जर है हास्पिटल




**उल्हासनगर.** नागपुर में चल रहे शीतकालीन सत्र में उल्हासनगर के विधायक ने मांग की है कि शहर में सेंट्रल अस्पताल का पुनर्निर्माण करके बिस्तरों की संख्या दोगुनी की जानी चाहिए और इस संबंध में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की है।

सेंट्रल अस्पताल 45 साल पुराना और जर्जर है। अस्पताल प्रशासन ने इस बिल्डिंग के स्ट्रक्चरल ऑडिट की मांग की थी, जिसके बाद लोक निर्माण विभाग ने स्ट्रक्चरल ऑडिट कराया है. वर्तमान में बिस्तरों की संख्या लगभग 200 है और मरीजों की संख्या 400 तक बढ़ाई जानी चाहिए क्योंकि इस अस्पताल में कल्याण, अंबरनाथ, मुरबाड, शाहपुर, कर्जत, कसारा के साथ-साथ ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के 300 से 400 मरीज इलाज के लिए भर्ती होते हैं। इसके अलावा ओपीडी में करीब 800 से 1000 मरीज आते हैं। साथ ही प्रतिदिन 30 से 40 डिलीवरी होती हैं।

सेंट्रल अस्पताल समस्याओं का केंद्र बन गया है. अस्पताल का वर्तमान भवन दो मंजिला है और इस भवन में 6 वार्ड कार्यरत हैं. इस बिल्डिंग का निर्माण 1980 में किया गया था. नतीजतन, इमारत समय के साथ खराब हो गई है। सरकार समय-समय पर भवन की मरम्मत करा कर समय काटने का काम कर रही है. सेंट्रल अस्पताल समस्याओं का केंद्र बन गया है। जब कोई गंभीर मरीज इलाज के लिए आता है तो उसे इलाज के लिए कलवा या मुंबई भेज दिया जाता है। इसलिए 2017 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री की बैठक में संशोधित प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करने का सुझाव दिया गया. तदनुसार, प्रस्ताव उचित कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय को प्रस्तुत किया गया था। लेकिन प्रस्ताव स्वीकृत नहीं होने पर डॉ. तानाजी सावंत ने निर्देश दिया कि प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत किया जाये.

### कैम्प-4 के सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर

**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र सरकार की ओर से पूरे राज्य में 'आयुष्मान भव' अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक शनिवार को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 16 दिसंबर की सुबह उल्हासनगर कैंप नंबर 4 स्थित सरकारी मैटरनिटी क्लिनिक में नागरिकों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है. इस अभियान के तहत पुरुषों और महिलाओं के लिए रक्तचाप, हृदय रोग, मधुमेह, मुंह का कैंसर, आंखों की जांच, हर्निया, कैंसर के निदान के लिए आवश्यक जांचें, सोनोग्राफी, ईसीजी, ऐसी सभी जांचें की जाएंगी। इस जांच के दौरान जिन मरीजों को दवा की जरूरत होगी, उनका इलाज किया जाएगा।

# पुरानी रंजिश के चलत रिक्शा चालक से मारपीट

- 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में प्रिस्ट बिल्डिंग के सामने ब्रिज पर 11 दिसंबर की रात 10.30 बजे के करीब पुरानी रंजिश के चलते 4 लोगों ने एक रिक्शा चालक को मारपीट कर घायल कर दिया.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी अक्षय मिलिंद कांबले (27) का भाई किरण कांबळे व आरोपी चंद्रकांत शनिवार वाघे के बीच 11 दिसंबर को रात 9:30 के करीब रिक्शा खड़ा करने को लेकर झगड़ा हुआ था. उसकी रंजिश के चलते चंद्रकात शनिवार वाघे व उसके मित्र सागर धोडगे, श्रवण यादव, सोनू पवार ने मिलकार अक्षय मिलिंद के साथ गालीगलौज व मारपीट की. इस दौरान सागर धोडगे ने मारकर उसकी आंख को चोट पहुंचाई. सोनु पवार ने त्याचे हाथ के कड़े से फिर्यादी के सिर पर मारकर घायल किया. वहीं कुछ रिक्शाचालक बीचबचाव करने लगे तो उनके साथ भी मारपीट की. इस संबंध में शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में भादंसं की धारा 324, 504, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है. पुलिस उप निरीक्षक बडेकर मामले की जांच कर रहे हैं.

### आर्केस्ट्रा बार के मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज

**उल्हासनगर.** देर रात तक खुला रखने के कारण श्रीराम चौक स्थित आर्केस्ट्रा बार के मैनेजर के खिलाफ विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्रीराम चौक, उल्हासनगर-4 स्थित 100 डेज आर्केस्ट्रा बार 14 दिसंबर को रात 2 बजे तक चालू था. विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बार के मैनेजर सतीश इंद्रा गोस्वामी के खिलाफ भादंसं 188 समेत महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम कल 33 (डब्ल्यू) के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस ने आरोपी को सीआरपीसी 41 (अ) के तहत नोटिस दिया है. पुलिस हवलदार घाणे मामले की जांच कर रहे हैं.

# भुसावल पुलिस के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर

- मावा-बर्फी को मिलावटी घोषित कर दर्ज किया था अपराध

**कल्याण.** खाद्य एवं औषधि विभाग के खाद्य निरीक्षण, कार्यवाही, पूर्ण अधिकार, प्रावधानों, कानूनों के बावजूद, भुसावल पुलिस ने मावा, बर्फी अवैध रूप से मिलावटी घोषित किया गया और मामला दर्ज करके कार्रवाई की। पुलिस द्वारा दायर इस अपराध के खिलाफ कल्याण शिव भीम मिठाई मावा खवा और ट्रांसपोर्ट चालक-मालक व्यापारी कामगार संघटन ने छत्रपति संभाजीनगर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है।

23 सितंबर को बाजार पेठ पुलिस स्टेशन भुसावल ने कृष्णा, अंबिका, गोकुल, ग्वाल खवा, स्पेशल बर्फी निर्माताओं के खिलाफ कार्रवाई की। संगठन का आरोप है कि उसके अधिकार में न होते हुए भी गलत तरीके से केस दर्ज किया गया। अवैध खाद्य पदार्थों से निपटने के लिए देश में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम मौजूद है। उस विभाग के संयुक्त आयुक्त को निर्णायक अधिकारी का दर्जा प्राप्त होता है। उनका कार्यालय फैसला होता है और कुछ मामलों में अदालतों में मामले दायर किए जाते हैं।

जनता को सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 नियम और विनियम 2011 लागू हैं। फिर भी भुसावल पुलिस खाद्य सुरक्षा अधिकारी से जबरदस्ती शिकायत दर्ज करने को कह रही थी. लेकिन नियमों के तहत शिकायत दर्ज नहीं होने के कारण उसने शिकायत दर्ज न कर निर्भीक कार्रवाई दिखाने के नाम पर गैर कानूनी अपराध दर्ज कर लिया। संगठन का कहना है कि अपराध में खाद्य सुरक्षा धारा 50,51 का भी व्यापक तौर पर इस्तेमाल किया गया है. इसलिए, संघटना संस्थापक कल्याण मुरबाड शिवसेना जिल्हा प्रमुख (शिंदे गट) अरविंद मोरे और अन्य लोगों के मार्गदर्शन में जलगांव पुलिस अधीक्षक और पुलिस महानिदेशक को एक लिखित बयान दिया गया, जिसमें मांग की गई थी कि शिकायत रद्द की जाए. परंतु अपराध रद्द न किए जाने से संगठन के वकील विकास कुटे और नामदेव केंद्रे के माध्यम से छत्रपति संभाजीनगर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। याचिका के फैसले का इंतजार है।

महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी

# पुरस्कार योजना व पुस्तक प्रकाशन अनुदान हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित



उल्हासनगर. महाराष्ट्र राज्य शासन के सांस्कृतिक कार्य विभाग के अंतर्गत सांस्कृतिक मंत्री सुधीर मुनगुंटीवार के मार्गदर्शन में संचालित महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष महेश सुखरामानी ने बताया कि अकादमी के सदस्य सचिव सचिन निंबालकर द्वारा जारी पत्र विज्ञप्ति के अनुसार महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी की ओर से 2023 व 2024 इस वर्ष हेतु दिए जाने वाले अखिल भारतीय सम्मान जीवनगौरव पुरस्कार, साहित्य/वाङमय व अन्य 4 पुरस्कार और पुस्तक प्रकाशन अनुदान हेतू प्रविष्टियां आमंत्रित की जा रही है।

महाराष्ट्र राज्य में 15 वर्ष स्थायी निवासी रचनाकार उपरोक्त पुरस्कार 2020 से 2022 तक प्रकाशित अपनी कृति पुरस्कार हेतू नीचे लिखे पत्ते पर भेज सकते हैं और पुस्तक प्रकाशन अनुदान हेतू 3 जनवरी 2024 तक प्रवष्टियां भेज सकते हैं।

अधिक जानकारी के जानकारी के लिए महेश सुखरामानी 9422476496, लाल पंजाबी 9422073281, काजल रामचंदानी 9920844722 तथा तुलसी सेतिया 9422706960 पर संपर्क कर सकते हैं।

लेखक अपनी कृति महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी, दूसरी मंज़िल,पुराना जकात घर,विकास विभाग इमारत,शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई 400001 इस पत्ते पर 3जनवरी 2024 तक भेज सकते हैं

### रिक्शा की टक्कर से महिला घायल

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व, बी केबिन रोड से पैदल जा रही एक 26 वर्षीय महिला को एक अज्ञात रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में महिला घायल हो गई है. पुलिस रिक्शा चालक की तलाश कर रही है.

फिर्यादी दक्षा विद्याधर वाघमारे (46) विशाखा सोसायटी, बी केबिन रोड, अंबरनाथ पूर्व में रहती हैं. मंगलवार की सुबह 8 बजे के करीब जब वह काम से घर की ओर लौट रही थी, तब गणपति मंदिर के आगेस कार वाशिंग सेंटर के पास, बी केबिन रोड पर एक अज्ञात रिक्शा चालक ने तेज गति से रिक्शा चलाकर उसे टक्कर मारकर फरार हो गया. इस दुर्घटना में दक्षा वाघमारे घायल हो गई है. शिवाजी नगर पुलिस ने भादंसं की धारा 279, 337, 338 समेत मोटर वेहिकल एक्ट 184 के तहत अपराध दर्ज किया है.

# रोजाना 333 कैंसर मरीजों का रजिस्ट्रेशन



**मुंबई.** महाराष्ट्र में वर्ष 2022 के दौरान कैंसर के उपचार के लिए औसतन 333 लोगों का रोजाना रजिस्ट्रेशन किया गया है। नैशनल कैंसर रजिस्ट्री और स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा कैंसर मरीज महाराष्ट्र में रजिस्टर हुए हैं। साल 2013 में कैंसर से महाराष्ट्र में 97,759 लोग ग्रसित हुए थे, जबकि वर्ष 2023 में यह आंकड़ा बढ़कर 1,21,717 हो गया। पिछले एक दशक के दौरान राज्य में कैंसर के मरीजों की संख्या 24 फीसदी तक बढ़ी है।

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च-नैशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम (आईसीएमआर-एनसीआरपी) के अनुसार, कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या साल 2022 में 14.61 लाख थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 15.7 लाख तक पहुंचने का अनुमान है।

एनसीआरपी के आंकड़ों के अनुसार, देशभर में कैंसर के कुल 11,67,429 मामले दर्ज हुए हैं। सबसे अधिक 1,70,242 मामले यूपी से हैं, जबकि महाराष्ट्र से 97,759 केसेस रिपोर्ट हुए हैं। वर्ष 2022 में देशभर में कुल 14,61,427 कैंसर के केस सामने आए थे। तब यूपी से 2,10,958 और महाराष्ट्र से 1,21,717 मामले रिपोर्ट हुए थे।

स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, मुंबई में बीएमसी और महाराष्ट्र में स्वास्थ्य विभाग कैंसर की जांच और ट्रीटमेंट का दायरा बढ़ा रहा है। मुंबई में टाटा कैंसर अस्पताल, बीएमसी के सायन और नायर अस्पताल में कैंसर सेवा का विस्तार किया जाएगा। राज्य सरकार ने एक बैठक में प्राइमरी हेल्थ केयर सेंटर में कैंसर स्क्रीनिंग की सुविधा मुहैया कराने की बात कही है। इससे बीमारी का पता शुरुआती स्तर पर ही चल सकेगा। मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों को भी कैंसर केयर देने के लिए सशक्त किया जाएगा। टाटा मेमोरियल अस्पताल के तहत खारघर के एक्ट्रैक्ट अस्पताल में पहले 150 बेड की सुविधा थी। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब 500 बेड बढ़ाए गए हैं। अगले कुछ साल में यहां 880 बे की सुविधा होगी। हाफकिन में भी 500 बे की क्षमता वाली इमारत आगामी तीन वर्षों में तैयार हो जाएगी।

# जिले के ग्रामीण अस्पतालों में बढ़ेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

- बदलापुर व मुरबाड ग्रामीण अस्पताल में बढ़ाई जाएगी क्षमता
- गोवेली में अस्पताल का होगा नवीनीकरण




**कल्याण.** ठाणे जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं. जल्द ही इस स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार किया जाएगा और बदलापुर और मुरबाड के ग्रामीण अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। बदलापुर ग्रामीण अस्पताल की क्षमता बढ़ाकर 200 बिस्तर कर दी जाएगी और मुरबाड ग्रामीण अस्पताल भी अब 200 बिस्तर का हो जाएगा। कल्याण तालुका के गोवेली में अस्पताल का नवीनीकरण किया जाएगा और बिस्तर बढ़ाए जाएंगे। इससे ग्रामीण इलाकों के मरीजों को काफी फायदा होगा।

ठाणे जिले में अपर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण, मरीजों को अभी भी मुंबई और उपनगरों के अस्पतालों में जाना पड़ता है। उचित इलाज के अभाव में ग्रामीण इलाकों में मरीजों को काफी परेशानी होती है. विधायक किसन कथोरे ने भी इस संबंध में तत्काल बैठक आयोजित करने की मांग की. इस पर संज्ञान लेते हुए मंगलवार को नागपुर में चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत के कक्ष में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक में अंबरनाथ, कल्याण और मुरबाड तालुका में स्वास्थ्य प्रणाली को और अधिक सक्षम और मजबूत बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही कल्याण, अंबरनाथ, मुरबाड तालुका में वर्तमान स्वास्थ्य प्रणाली, इसकी कमियों और आवश्यकताओं पर भी चर्चा की गई।

### कल्याण ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को मिलेगी राहत

बैठक में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों को सशक्त बनाने, वहां आवश्यक मैनपॉवर, डॉक्टर और दवा भंडार उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। बैठक में मुरबाड और बदलापुर के ग्रामीण अस्पतालों में 200-200 बिस्तरों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। चर्चा के अनुसार बदलापुर के ग्रामीण अस्पताल में 200 बेड की व्यवस्था होगी. इनमें 50 बेड नये भवन में तत्काल उपलब्ध हो जायेंगे. मुरबाड के उपजिला अस्पताल में 200 बेड की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है. वर्तमान में, टोकावडे के अस्पताल में 30 बिस्तर हैं। वहां 50 बेड की व्यवस्था की जायेगी. विधायक किसन कथोरे ने बताया है कि इससे सुदूर इलाकों के आदिवासी मरीजों को फायदा होगा. बैठक में स्वास्थ्य विभाग के निदेशक, सचिव, उप सचिव, ठाणे जिला सर्जन डॉ. कैलास पवार एवं अन्य उपस्थित थे। गोवेली में ग्रामीण अस्पताल का नया भवन बनने से मौजूदा 30 बेड की जगह 50 बेड हो जायेंगे. जिससे कल्याण ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को राहत मिलेगी. यह अस्पताल कल्याण अहमदनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर है और दुर्घटनाओं के दौरान घायलों को लाभ पहुंचाता है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## महिलाएं हिंदू अविभाजित परिवार की मुखिया

भाषा समाज की लैंगिक प्रथाओं को आत्मसात करती है। परिवार के मुखिया को दो अलग-अलग भाषाओं और संस्कृतियों में 'पैटरफैमिलियास' या 'कर्ता' जैसे नाम मिलते हैं और दोनों शब्द पुल्लिंग हैं। यह एक गहरी जड़ें जमा चुकी धारणा थी कि केवल पुरुष ही परिवार के प्रबंधन पर भरोसा कर सकते हैं, एक ऐसा सवाल जिसका जिक्र दिल्ली सुप्रीम कोर्ट ट्रिब्यूनल ने अपने हालिया फैसले में किया था कि क्या एक महिला परिवार की मुखिया हो सकती है। हिंदू इंडिविसा. जिस इतिहास ने इस विफलता को संभव बनाया वह शांति से कोसों दूर था। यह समाज के प्रतिरोध का संकेत है कि इस मुद्दे पर यह पहली विफलता नहीं थी: दिल्ली सुप्रीम कोर्ट ट्रिब्यूनल 2016 में भी इसी निष्कर्ष पर पहुंचा था। जाहिर है, इसने पिछले मामले में वादियों की आत्मा को नहीं बदला। इससे पता चलता है कि वे अपने परिवार की महिलाओं के प्रति कैसे हैं। लेकिन 2005 में हिंदू उत्तराधिकार कानून में एक संशोधन ने महिलाओं को हिंदू इंडिविसा परिवार की संपत्ति में पुरुषों के समान शर्तों के तहत विरासत प्राप्त करने की अनुमति दी। हालांकि महिला अपने पैतृक परिवार की सह-भागीदार बन गई, लेकिन इस प्रकार उसे प्राप्त अधिकार उसकी शादी के बाद नहीं बदले। दिल्ली सुप्रीम ट्रिब्यूनल ने 2016 के फैसले में एक डिक्री लागू करने के तार्किक निहितार्थ का खुलासा किया, जो वंशानुगत समानता के रूप में, एक महिला को ऐसा करने से नहीं रोकता था और इसके परिणामस्वरूप वह परिवार की सबसे बुजुर्ग सदस्य बन जाती थी। जानकारी के मुताबिक, वरिष्ठ न्यायाधिकरण ने पुष्टि की कि लोकप्रिय धारणाएं या तर्क दी गई सामाजिक प्रथाएं संवैधानिक रूप से पुष्टि किए गए कानून के मार्ग में हस्तक्षेप नहीं कर सकती हैं। 2016 के वाक्य में समाज के स्तरीकरण के माध्यम से लैंगिक समानता के विनाश का उल्लेख किया गया, जिसने महिलाओं को दोयम दर्जे पर मजबूर कर दिया। लेकिन हम हमेशा जंजीरों में बंधे नहीं रह सकते. बड़ी बाधाओं के बावजूद कार्य करने की अधिक क्षमता की ओर महिलाओं की प्रगति अब भी जारी है। हाई ट्रिब्यूनल के वाक्य उन परिवर्तनों को दर्शाते हैं जो उत्पन्न हो रहे हैं, हालांकि समाज इन परिवर्तनों को स्वीकार करने का विरोध करता है। चूंकि कार्ड के पास परिवार की संपत्ति के अलावा उन पर प्रशासन करने के लिए निर्णय लेने की कुछ शक्तियां हैं, इसलिए महिलाओं को उनकी निर्णय लेने या लड़ने की क्षमताओं के बारे में समाज के संदेह और उनके नेतृत्व की संभावना के प्रति उनके प्रतिरोध के बावजूद इस स्थिति तक पहुंचना होगा।

# विदेशी पर्यटकों को कैसे आकर्षित करें?

इस समय दुनिया के पर्यटन प्रधान देशों और भारत के पड़ोसी पर्यटन स्थलों में भारतीय पर्यटकों को लुभाने की होड़ लगी हुई है। जहां एक ओर विदेशी पर्यटकों के कदम भारत की ओर धीमी गति से बढ़ रहे हैं, वहीं भारतीय पर्यटक विदेश में पर्यटन के लिए छलांगे लगाकर बढ़ रहे हैं। हाल ही में बीते चार दिसंबर को सरकार ने लोकसभा में बताया कि पिछले वर्ष भारत यात्रा पर आए विदेशी पर्यटकों की संख्या 85.9 लाख थी, जबकि करीब दो करोड़ भारतीय पर्यटकों ने देश से बाहर भ्रमण किया।

विदेशी पर्यटन से जुड़ी दुनिया की प्रमुख एजेंसी बर्नस्टीन की रिपोर्ट-2023 के मुताबिक, 2019 में भारतीयों ने विदेश यात्राओं में करीब 38 अरब डॉलर खर्च किए थे और दुनिया में विदेशी पर्यटन के रूप में भारत का 10वां स्थान था, जबकि इस मामले में वर्ष 2027 तक हम दुनिया में पांचवें स्थान पर होंगे। दरअसल, इस समय भारतीयों द्वारा विदेश में बढ़ते हुए पर्यटन के लिए जो प्रमुख कारण दिखाई दे रहे हैं, उनमें मध्य वर्ग की तेजी से बढ़ती क्रय शक्ति व भारतीयों में विदेश यात्रा की बढ़ती ललक शामिल है।

हाल ही में श्रीलंका, थाईलैंड और मलयेशिया ने अपने पर्यटन उद्योग एवं विदेशी मुद्रा की कमाई बढ़ाने के मद्देनजर यहां के पर्यटकों को तेजी से आकर्षित करने के लिए वीजा मुक्त प्रवेश की पहल की है। वहीं ऑस्ट्रेलिया और रूस ने भी वीजा संबंधित प्रक्रियाएं सरल बना दी हैं और अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ई-वीजा की शुरुआत की है।

गौरतलब है कि यूरोपीय संघ और अमेरिका के वीजा के लिए प्रतीक्षा अवधि लंबी होने से दक्षिण-पूर्व एशियाई देश विदेशी मुद्रा की कमाई के वास्ते भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नए सिरे से प्रयास कर रहे हैं। भारतीयों का



विदेश यात्रा की ओर तेजी से बढ़ता रुझान घरेलू पर्यटन के लिए एक बड़ा नुकसान है और विदेशी मुद्रा कोष घटाने वाला भी है। अब भी दुनिया के कुल विदेशी पर्यटकों का दो फीसदी से भी कम हिस्सा ही भारत के खाते में आ रहा है।

दुनिया में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक मुख्यतः फ्रांस, स्पेन, अमेरिका, चीन और इटली जाते हैं। भारत के कई ऐसे आकर्षक पर्यटन केंद्र हैं, जो इसे विदेशी पर्यटकों की संख्या के मद्देनजर प्रमुख पर्यटन प्रधान देशों में स्थान दिला सकते हैं। देश में यूनेस्को धरोहर स्थलों की कोई कमी नहीं है। भारत की संस्कृति, संगीत, हस्तकला, खानपान से लेकर नैसर्गिक सुंदरता हमेशा से विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करती रही हैं।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक में देश में विदेशी पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन के व्यापक बुनियादी ढांचे और अन्य पर्यटन सुविधाओं को नई वैश्विक पर्यटन सोच के साथ आकार दिया गया है। पर्यटन बजट में लगातार वृद्धि की गई है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में पर्यटन के लिए 2,400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में यह राशि 18.24 प्रतिशत अधिक है।

खास बात यह भी है कि इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता के दौरान जी-20 के कार्यसमूह की 80 से अधिक विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेने भारत आए विदेशी मेहमानों को देश के पर्यटक स्थलों का भ्रमण करवाकर भारत के बेजोड़ पर्यटन केंद्रों के वैश्विक प्रचार-प्रसार के अभूतपूर्व मौके का पूरा फायदा सरकार ने उठाया है। इन सबके साथ-साथ मजबूत सरकार और दुनिया भर में बढ़ती हुई आर्थिक और राजनीतिक प्रतिष्ठा के कारण अब भारत में विदेशी पर्यटकों के कदम बढ़ने की नई संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। भारत के पर्यटन क्षेत्र को अधिक जीवंत बनाने के लिए ऐसी रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा, जिससे जहां विदेश जाने वाले भारतीय पर्यटक घरेलू पर्यटन को अधिक लाभप्रद और सुगम अनुभव करें, वहीं विदेशी पर्यटकों के कदम भी भारत की ओर तेजी से बढ़ने लगें। इसके लिए केंद्र सरकार, राज्यों और स्थानीय निकायों को पर्यटन विकास के लिए समन्वित रूप से साथ मिलकर काम करना होगा। हम उम्मीद करें कि देश में भी विदेशी पर्यटकों को रिझाने के लिए वीजा नीति उदार बनाई जाएगी और अल्प अवधि में बड़ी संख्या में वीजा निर्गम करने के लिए एक ठोस प्रशासनिक ढांचा तैयार किया जाएगा। तभी देश 2030 तक विदेशी पर्यटकों से 56 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा अर्जित करने और 2047 तक एक लाख करोड़ डॉलर की पर्यटन अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को पा सकेगा।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हमारे भीतर एकत्व और एकता का भाव जन्मजात है।


- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# राष्ट्र को संगठित करने वाले महायोद्धा

कर्मवीर व्यक्तियों का जीवन विलक्षण होता है, वे अपने जीवन काल में तथा उसके बाद प्रेरणास्रोत बने रहते हैं। इतिहास अक्सर ऐसे महान् लोगों से ऐसा काम करवा देता है जिसकी उम्मीद नहीं होती। और जब राष्ट्र की आवश्यकता का प्रतीक ऐसे महान् इंसान बनते हैं तो उनका कद सहज ही बड़ा बन जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ऐसे ही विराट व्यक्तित्व के धनी एवं कर्मवीर महापुरुष थे। वे एक राजनेता ही नहीं, एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि इस देश की आत्मा थे। राष्ट्रीय एकता, भारतीयता एवं राजनीति में नैतिकता की वे अद्भुत मिसाल थे। आजादी के बाद विभिन्न रियासतों में बिखरे भारत के भू-राजनीतिक एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए पटेल को भारत का बिस्मार्क और लौह पुरूष भी कहा जाता है। उन्हें 1991 में भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। पटेल की राष्ट्रीयता को संगठित करने की बुलंद एवं विलक्षण उपलब्धियां उम्र के पैमानों में इतनी ज्यादा है कि उनके आकलन में गणित का हर फार्मूला छोटा पड़ जाता है। भले ही वे आज हमारे बीच नहीं है लेकिन वे इस माटी के लिए किये गये उल्लेखनीय अवदानों के लिए सदियों तक याद किये जायेंगे। उनका जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में



मनाया जाता है। 15 दिसम्बर उनका निर्वाण दिवस है।

सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने पुरुषार्थ से राष्ट्र का भाग्य रचा, उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाड में हुआ। वे कृषक परिवार से थे। उनके पिता का नाम झवेरभाई पटेल एवं माता का नाम लाडबा देवी है। वे उनकी चौथी संतान हैं। लन्दन जाकर उन्होंने बैरिस्टर की पढाई की और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होने भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया। सरदार पटेल की शिक्षाएं, जीवन-आदर्श एवं राष्ट्र को प्रदत्त अवदान हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उनके विचार एवं सोच जहां हमारे लिये जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने का आधार है वहीं राष्ट्रीयता के खुद को न्यौछावर कर देने की प्रेरणा है। अहिंसा का समर्थन करते हुए सरदार पटेल का कहना था कि कायरों की अहिंसा का कोई मूल्य नहीं है। जो तलवार चलाना जानते हुए भी तलवार को म्यान में रखता है, उसकी अहिंसा सच्ची अहिंसा होती है। उनका कहना था कि हमारा सिर कभी न झुकने वाला होना चाहिए। उन्हें देश के छोटे से छोटे स्तर के व्यक्ति की भी कितनी चिंता थी, उसी को व्यक्त करते हुए उन्होंने एक बार कहा था कि उनकी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भी व्यक्ति अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे।

सरदार पटेल का जीवन और दर्शन भातीयता को सुदृढ़ करने में नियोजित करने में लगा रहा है। एकता में सबसे बड़ा बाधक स्वहित है। आज के समय में स्वहित ही सर्वोपरि हो गया है। आज जब देश आजाद है, आत्मनिर्भर है तो वैचारिक मतभेद उसके विकास में बेड़ियाँ बनी हुई हैं। आजादी के पहले इस स्वार्थी दृष्टिकोण एवं स्वहित की भावना का फायदा अंग्रेज उठाते थे और आज देश के राजनीतिक लोग। देश में एकता के स्वर को सबसे ज्यादा बुलंद सरदार पटेल ने किया था। उनकी सोच, उनका दर्शन, उनकी राष्ट्रीयता के कारण ही आज हम एकसूत्रता में बंध हुए हैं। उनकी सोच युवा जैसी नयी सोच थी। वे सदैव देश को एकता का संदेश देते थे।

### जरा हट के

# करोड़पति बंदर : 33 एकड़ जमीन का मालिक

आपने अपने जीवन में करोड़पति इंसान तो बहुत देखे होंगे, लेकिन आज हम आपको करोड़पति बंदरों के बारे में बताने जा रहे हैं. यही नहीं, ये जिस गांव में रहते हैं वहां के लोग उन्हें तोहफे देते हैं. खाने के लिए अच्छी-अच्छी चीजें देते हैं. हम बात कर रहे हैं, महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में स्थित माकडका उपला नाम का एक गांव की. यह गांव धाराशिव शहर से 10 किमी और तेर से 15 किमी दूर है. इस गांव का अपना एक इतिहास है. प्राचीन काल से ही इस गांव में बंदरों की संख्या बहुत अधिक थी, इसलिए इस गांव का नाम बंदर माकड का उपला है और इस गांव के सभी बंदरों के नाम पर 33 एकड़ जमीन है और माकडाकी माडी के नाम पर एक दो मंजिला घर भी है.



ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन बंदरों के नाम कैसे हो गई,यह जमीन बंदरों के नाम किसने की, इसका कोई अंदाजा नहीं है. ग्रामीणों का मानना है कि जब भगवान श्री राम अपने वनवास के दौरान उपला गांव आए थे तो उनके साथ एक बंदर भी आया था और वह बंदर काफी समय तक यहीं रुका था. उपला गांव में लोग बंदरों का विशेष सम्मान करते हैं और दरवाजे पर आने पर उन्हें खाना खिलाते हैं. कभी-कभी विवाह समारोह शुरू करने से पहले बंदरों का सम्मान भी किया जाता है.

### बंदरों की जमीन पर लगाए जा रहे फलों के पेड़

उपला ग्राम पंचायत के भूमि रजिस्टर के अनुसार, महाराष्ट्र सरकार के सातबारा उतरा में "समस्त मकड़ पंच" के नाम से 13 हेक्टेयर 26 आर यानी 33 एकड़ भूमि है. गांव के सरपंच सुहास घोगरे ने बताया कि दस्तावेज़ में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि भूमि बंदरों की थी लेकिन यह ज्ञात नहीं है कि जानवरों के लिए यह प्रावधान किसने और कब किया इस जगह पर हम फलों के पेड़ लगाने जा रहे हैं जो बंदरों के लिए उपयोगी होंगे. गांव में इस समय करीब 100 बंदर हैं

### बंदरों को मिलते हैं तोहफे

पहले जब भी गांव में कोई शादी होती थी तो सबसे पहले बंदरों को तोहफे दिए जाते थे और उसके बाद ही शादी की रस्म शुरू होती थी, लेकिन अब हर कोई इस परंपरा का पालन नहीं करता है. मकड़चे उपला नाम का यह गांव बंदरों के नाम पर रखी गई जमीन की वजह से चर्चा में है.

# चेहरे के अनचाहे बाल हटाएं

### झुर्रियां दूर करें चेहरे को बनाएं चमकदार और जवान

घर की रसोई स्वाद के साथ-साथ सेहत का खजाना होती है. रसोई में रखे फल-सब्जी और मसालों से हम घरेलू दवाएं बना सकते हैं, सौन्दर्य प्रसाधन सामग्री बना सकते हैं. ऐसे एक-दो नहीं तमाम घरेलू नुस्खें हैं जो सदियों से एक परंपरा के रूप में चले आ रहे हैं. पेंगुइन स्वदेश से एक पुस्तक आई है- 'जंगल लैबोरेटरी'. इस पुस्तक को जाने-माने इथनो बॉनिस्ट और वैज्ञानिक डॉ. दीपक आचार्य ने लिखा है. दीपक आचार्य ने लगभग 25 सालों के अध्ययन के बाद जंगल की जड़ी-बूटियों के बारे में जानकारी जुटाई है. उन्होंने मध्य प्रदेश के पातालकोट, गुजरात के डांग और राजस्थान के अरावली जैसे भारत के सुदूर आदिवासी इलाकों में रहने वाले लोगों के पारंपरिक हर्बल ज्ञान, रहन-सहन और खान-पान के तौर-तरीकों का अध्ययन किया है. यहां से मिले ज्ञान को विज्ञान की कसौटी पर परखते हुए दीपक आचार्य ने अन्य लोगों तक पहुंचाने का काम किया है.

डॉ. दीपक आचार्य की पुस्तक 'जंगल लैबोरेटरी' में स्वास्थ्य और सौन्दर्य से संबंधित सैकड़ों नुस्खें



दिए हुए हैं. इसी पुस्तक में एक जगह पर पपीते के माध्यम से चेहरे को कांतियुक्त बनाने के बारे में बताया गया है.

### पपीते से चेहरे को बनाएं जवान

'जंगल लैबोरेटरी' में दीपक आचार्य लिखते हैं- ग्रामीण अंचलों में लोग पपीते का इस्तेमाल कई तरह के प्राकृतिक सौंदर्य के नुस्खों के तौर पर करते हैं. डांग की आदिवासी महिलाएं चावल, मक्का और बाजरे के आटे की समान मात्रा लेती हैं और इसमें करीब 10 ग्राम पके हुए पपीते को डाल देती हैं. इसमें थोड़ा-सा पानी मिलाकर अच्छी तरह से मैश किया जाता है. इस पेस्ट को चेहरे पर आहिस्ता-आहिस्ता लगाया जाता है और मालिश की जाती है. माना जाता है कि चेहरे की मृत कोशिकाओं को यह अलग करने में मदद करता है और चेहरा कान्तिमय और ऊर्जावान दिखाई देता. त्वचा पर झुर्रियां आ जाने पर आदिवासी हर्बल जानकार पके हुए पपीते के बीजों के इस्तेमाल की सलाह देते हैं. पके हुए पपीते के बीजों को इकट्ठा कर लिया जाए, सुखा लिया जाए और इसका चूर्ण तैयार कर लिया जाए. जब इस्तेमाल करना हो तो एक चम्मच चूर्ण में इतनी ही मात्रा में पानी मिलाकर पेस्ट बना ले और झुर्रियों वाले हिस्सों पर लेपित कर लें. जब यह पेस्ट सूख जाए तो इसे धो लें. ऐसा एक माह तक लगातार दिन में दो बार करने से फायदा जरूर होता है.

### चने का आटा चमकाए त्वचा

'जंगल लैबोरेटरी' में दीपक आचार्य लिखते हैं- ग्रामीण अंचलों में चना और चने का आटा यानी बेसन सौंदर्य और खूबसूरती प्राप्त करने के लिए बेहद खास माने जाते हैं. एक चम्मच बेसन में थोड़ा सा पानी मिलाकर पेस्ट तैयार लें. धीमे-धीमे इस पेस्ट को चेहरे से लेकर गर्दन और गले के हिस्से पर लगा लें. कुछ देर में इसके सूख जाने के बाद हल्के-हल्के हाथों से इसे रगड़कर उतार लें. माना जाता है कि ऐसा करने से मृत कोशिकाएं बेसन के साथ चिपककर बाहर निकल आती हैं और चेहरे की त्वचा में निखार आ जाता है.

# WHO ने बताई है शराब की सही लिमिट



कुछ लोग मानते हैं कि प्रतिदिन 1-2 पैग शराब पीने से सेहत को कोई नुकसान नहीं है, तो कई लोग 3-4 पैग को भी नॉर्मल मानते हैं. कई रिसर्च में भी शराब के कुछ फायदे बताए गए हैं, लेकिन इन पर बहुत विवाद है. हेल्थ एक्सपर्ट्स शराब को सेहत के लिए बेहद खतरनाक मानते हैं. वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (WHO) ने भी इसी साल शराब को लेकर एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें कई चौंकाने वाली बातें थीं. इसमें यह बताया गया था कि कितनी मात्रा में शराब पीना सेफ माना जा सकता है और इसका सेवन शरीर पर किस तरह असर डालता है. डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार शराब की एक बूंद को भी सुरक्षित नहीं माना जा सकता है. शराब या अन्य एल्कोहल वाली ड्रिंक्स की कम से कम मात्रा भी सेहत के लिए खतरनाक होती है. लोगों को बिल्कुल शराब नहीं पीनी चाहिए. डब्ल्यूएचओ ने कई सालों के आकलन के बाद यह निष्कर्ष निकाला है. शराब की पहली बूंद पीने से ही कैंसर, लिवर फेलियर समेत तमाम गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. शराब या बीयर के 1 पैग को भी सुरक्षित मानना लोगों की गलतफहमी है. विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि अभी तक किसी स्टडी में यह साबित नहीं हो सका है कि शराब सेहत के लिए फायदेमंद हो सकती है. ऐसी रिसर्च विवादों से घिरी हैं.

### सेहत के लिए खतरनाक क्यों है शराब?

WHO के अनुसार शराब में एल्कोहल मिलाया जाता है, जो एक जहरीला (Toxic) पदार्थ होता है. यह शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचाता है. सालों पहले इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने एल्कोहल को ग्रुप 1 कार्सिनोजेन (Group 1 carcinogen) में शामिल किया था. कार्सिनोजेन को कैंसर पैदा करने वाले ग्रुप में शुमार किया जाता है. इस खतरनाक ग्रुप में एस्बेस्टस, रेडिएशन और तंबाकू को भी शामिल किया गया है. सिर्फ शराब ही नहीं, बल्कि तंबाकू और रेडिएशन से कई तरह के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है. डब्ल्यूएचओ का कहना है कि वह शराब के तथाकथित सुरक्षित स्तर के बारे में बात नहीं कर सकता है.

# मसाला ओट्स





अगर आप ब्रेकफास्ट में पोहा और चीला जैसी चीजें खाकर बोर हो गए हैं, तो आपको मसाला ओट्स जरूर ट्राई करना चाहिए. मसाला ओट्स बनाने के लिए आपको बस ओट्स, कुछ सब्जियां और मुट्ठी भर मसाले चाहिए. ये ओट्स 15 मिनट से भी कम समय में तैयार हो जाएंगे और ज्यादा मेहनत भी नहीं करनी पड़ेगी.

### जरूरी सामग्री

स्वादिष्ट मसाला ओट्स बनाने के लिए आपको 1 कप ओट्स, आधा कप मटर, 1 कटा हुआ टमाटर, 1 बारीक कटी हुई गाजर, 1 कटा हुआ प्याज, एक चम्मच घी, 2 हरी मिर्च, एक चौथाई चम्मच जीरा, आधा चम्मच गरम मसाला पाउडर, आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, आधा चम्मच हल्दी पाउडर, 1 चम्मच अदरक का पेस्ट, 1 चम्मच लहसुन का पेस्ट, नमक स्वादानुसार और आवश्यकता के अनुसार पानी की जरूरत होगी. इन सभी चीजों को मिलाकर आप मसाला ओट्स तैयार कर सकते हैं.

### बनाने की आसान विधि



मसाला ओट्स बनाने के लिए आप सबसे पहले एक पैन को गैस पर रखें. इसमें ओट्स डालकर क्रिस्पी होने तक भून लें. अब एक कड़ाही में घी डालें. इसमें जीरा डालकर पकाएं. अब प्याज को बारीक काटकर इसमें डाल दें और आधा मिनट तक भूनें. अब इसमें अदरक और लहसुन का पेस्ट डालकर दें और अच्छी तरह से भूनें.

इसके बाद सभी सब्जियों जैसे गाजर, मटर, टमाटर, हरी मिर्च को भी इसमें डालकर 5-7 मिनट तक पकाएं. अब इसमें हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, गर्म मसाला डाल दें. अच्छी तरह से मिक्स करें. अब इसमें भुना हुआ ओट्स और नमक डाल दें. आवश्यकतानुसार इसमें पानी भी डाल दें.

अब आप इसे करीब 4-5 मिनट तक उबलने दें. पानी कम हो जाए तो गस बंद कर दें. इस तरह आपका स्वादिष्ट मसाला ओट्स बनकर तैयार है. आप इसे नाश्ते में गर्मागर्म सर्व कर सकते हैं. यह हर उम्र के लोगों को खूब पसंद आता है और बच्चे भी चाव के साथ इसका आनंद लेते हैं.

## आज का राशिफल

**मेष** : दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा।

**वृष** : जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा।

**मिथुनः** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे।

**कर्क** : भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह** : सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कन्या** : घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं।

**तुला** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठ सहयोग करेंगे।

**वृश्चिक** : पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है।

**धनु** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे।

**मकर** : राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कुंभ** : कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। कष्ट, भय व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च हो सकता है।

**मीन** : भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# ब्लड प्रेशर कंट्रोल रखने में फायदेमंद हैं ये खाद्य पदार्थ

ब्लड प्रेशर, मौजूदा समय की तेजी से बढ़ती समस्याओं में से एक है। ये दिक्कत सिर्फ बुजुर्गों को ही नहीं अब कम उम्र के लोगों यहां तक की बच्चों को भी अपना शिकार बनाती जा रही है। ब्लड प्रेशर का सामान्य से अधिक या कम होना दोनों ही स्थितियां कई प्रकार की समस्याओं का कारण हो सकती हैं, यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को रक्तचाप को कंट्रोल बनाए रखने पर विशेष ध्यान देते रहने की सलाह देते हैं। क्या आपका रक्तचाप ठीक रहता है?

सामान्यतौर पर बढ़े हुए ब्लड प्रेशर को हृदय रोगों और जानलेवा हार्ट अटैक की समस्या का प्रमुख कारण माना जाता रहा है। पर ये स्थिति कई और भी प्रकार की दिक्कतों जैसे स्ट्रोक, आंखों की समस्या, किडनी की बीमारी का भी कारण बन सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि कुछ प्रकार के खाद्य पदार्थों में नाइट्रेट की अधिकता होती है जो ब्लड प्रेशर को कम करने में आपके लिए बहुत लाभकारी हो सकती है। हाई ब्लड प्रेशर वाले रोगियों को इसे आहार का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए।

### नाइट्रिक ऑक्साइड के फायदे

नाइट्रिक ऑक्साइड प्राकृतिक रूप से मानव शरीर द्वारा निर्मित होता है और रक्त वाहिका स्वास्थ्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण अणुओं में से एक है। यह एक वैसोडिलेटर है, जिसका अर्थ है कि यह आपकी रक्त वाहिकाओं की आंतरिक मांसपेशियों को आराम देता है, जिससे वाहिकाएं चौड़ी हो जाती हैं। इस तरह, नाइट्रिक ऑक्साइड रक्त प्रवाह को बढ़ाता है और रक्तचाप को कम करने में सहायक है।

कुछ फलों-सब्जियों और खाद्य पदार्थों में भी नाइट्रिक ऑक्साइड का मात्रा होती है जिनका अगर डॉक्टर की सलाह पर सेवन किया जाए तो रक्तचाप को कंट्रोल करने में विशेष लाभ मिल सकता है।

### आहार में शामिल करिए चुकंदर



चुकंदर डाइट्री नाइट्रेट से भरपूर होता है, जिसे आपका शरीर नाइट्रिक ऑक्साइड में बदलता है। 38 वयस्कों पर किए गए एक अध्ययन के अनुसार, चुकंदर के रस के सप्लीमेंट का सेवन करने से केवल 45 मिनट के बाद नाइट्रिक ऑक्साइड का स्तर 21% बढ़ गया। एक अन्य अध्ययन से पता चला है कि 100 मिली चुकंदर का रस पीने से पुरुषों और महिलाओं दोनों में नाइट्रिक ऑक्साइड का स्तर काफी बढ़ जाता है, जो ब्लड प्रेशर में काफी कारगर है।



### लहसुन से भी मिलता है लाभ

लहसुन नाइट्रिक ऑक्साइड सिंथेज़ को सक्रिय करके नाइट्रिक ऑक्साइड के स्तर को बढ़ा सकता है। पशुओं पर किए गए अध्ययन से पता चला है कि लहसुन के अर्क के सेवन के लगभग एक घंटे के भीतर अस्थायी रूप से रक्त नाइट्रिक ऑक्साइड का स्तर 40% तक बढ़ गया। आहार में लहसुन को शामिल करना रक्तचाप वाले रोगियों की सेहत में सुधार करने में लाभकारी है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

उत्थान विकास



## खबरें गांव की...

### स्कूल जा रहे भाइयों को ट्रैक्टर ने रौंदा, एलकेजी के छात्र की मौत, छोटा भाई घायल

**संभल.** संभल के नखासा क्षेत्र के गांव सलखना के पास लिंक मार्ग पर गन्ना लदे ट्रैक्टर-ट्रिपलर की चपेट में आकर एलकेजी के छात्र पर्व (7) पुत्र नमित कुमार की बाइक से गिरकर मौत हो गई। जबकि उसका छोटा भाई शिवांक (3) गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव सलखना निवासी नमित कुमार बेटा पर्व और शिवांक गांव से एक किलोमीटर दूरी पर स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ते हैं। नमित कुमार दोनों बेटों को प्रतिदिन बाइक से स्कूल छोड़ने जाते थे। बृहस्पतिवार की सुबह भी वह दोनों बेटों को बाइक से स्कूल छोड़ने के लिए गए थे, रास्ते में उन्हें याद आया बेटों का लंच का टिफिन घर रहा गया है। जिस पर वह रास्ते से ही टिफिन लेने के लिए वापस लौट आए। इसी दौरान लिंक मार्ग पर उनकी बाइक गन्ना लदे ट्रैक्टर-ट्रिपलर की चपेट में आ गई। जिससे उनके दोनों बेटे बाइस से सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे अन्य परिजनों की मदद से उन्होंने दोनों बेटों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

### शराब के नशे में भिडे.दो सिपाही

**मैनपुरी.** मैनपुरी में दो आरक्षी बुधवार की देर शाम नशे में भिड़ गए। दोनों के बीच मारपीट होती देख अफरातफरी मच गई। जानकारी होने के बाद प्रभारी निरीक्षक ने जमकर फटकार लगाई। दोनों को जिला अस्पताल लाकर मेडिकल कराया कराया। सीओ ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। मामला घिरोर थाना क्षेत्र का है। यहां तैनात एक आरक्षी सुखवीर बुधवार की शाम को नशे में था। उसका एक साथी आरक्षी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दूसरा आरक्षी भी नशे की हालत में था। दोनों के बीच विवाद ने तूल पकड़ लिया और बात मारपीट तक पहुंच गई। आरक्षियों को झगड़ता देख परिसर में मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। साथी कर्मियों ने काफी देर मशक्कत के बाद अलग किया।

# राजनीति में न पड़ें, गंभीरता से लें

## लोकसभा में सुरक्षा चूक पर बोले PM मोदी

**नई दिल्ली.** लोकसभा की कार्यवाही में दो युवकों के कूदने और संसद के बाहर हंगामे पर पीएम नरेंद्र मोदी की भी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने सार्वजनिक बयान तो नहीं दिया है, लेकिन गुरुवार को सुबह मंत्रियों से इस पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। लेकिन इस मसले पर होने वाली राजनीति में भी पड़ने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मसले को गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है। बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही में दर्शक दीर्घा से दो युवक कूद आए थे। इनमें से एक का नाम सागर शर्मा है, जो लखनऊ का रहने वाला है।

ये लोग बेंचों पर चढ़ गए थे और स्मोक गन से धुआं फैलाने लगे। इससे संसद में अफरातफरी मच गई और स्पीकर ने कार्यवाही को ही स्थगित कर दिया। इस बीच



6 सांसदों ने घेरकर युवक को पकड़ा और फिर सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद संसद में आम नागरिकों की एंट्री के नियम पहले से कड़े कर दिए गए हैं। इसके अलावा जूते आदि की भी जांच की जाएगी और एयरपोर्ट जैसे स्कैनर लगाने की भी व्यवस्था होगी। फिलहाल अगले आदेश तक संसद के दोनों सदनों में दर्शक दीर्घा को बंद कर दिया गया है।

### प्रताप सिम्हा के लेटर पर आए थे, लोकसभा स्पीकर से मिले सांसद

लोकसभा में कूदने वाले दोनों युवक भाजपा के मैसुरु से सांसद प्रताप सिम्हा के लेटर पर पास जारी कराके आए थे। सूत्रों के मुताबिक इस मामले में खुद प्रताप सिम्हा ने लोकसभा स्पीकर से संपर्क साधा है और उन्हें बताया है कि कैसे इन लोगों को पास जारी किया गया। सांसद का कहना है कि ये लोग पिछले तीन महीने से पास के लिए संपर्क में थे। आरोपियों में से एक के पिता को वह जानते थे। गौरतलब है कि संसद पर हमले की 22वीं बरसी के दिन हुई इस सुरक्षा चूक ने एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं। लोकसभा सचिवालय के आदेश पर आधा दर्जन से ज्यादा कर्मचारियों को निलंबित भी किया गया है।

## बवाल काटने वाले 15 सांसद निलंबित

- पूरे शीत सत्र से रहेंगे आउट

**नई दिल्ली.** लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा करने वाले सांसदों के खिलाफ आज कड़ा ऐक्शन हुआ है। कांग्रेस के 9 सांसदों समेत कुल 14 लोकसभा सांसदों को शीत सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। डीएमके के सांसदों कनिमोझी और प्रतिभन को भी निलंबित किया गया है। इसके अलावा सीपीआई के भी एक सांसद पर ऐक्शन हुआ है। निलंबित होने वाले कांग्रेस सांसदों में टीएन प्रतापन, हिबी ईडन, एस ज्योतिमणि, रम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस शामिल हैं। इनके अलावा कांग्रेस के ही मणिकम टैगोर, वीके श्रीकंदन पर भी कार्रवाई की गई है।

यही नहीं राज्यसभा में टीएमसी के सांसद डेरेक ओ ब्रायन को भी निलंबित किया गया है। इस तरह कुल 15 सांसद निलंबित हुए हैं। इन सांसदों को संसद की सुरक्षा में चूक के मसले पर बवाल काटने और अमर्यादित व्यवहार करने पर निलंबन झेलना पड़ा है। कसभा और राज्यसभा में आज सुरक्षा में चूक होने पर जमकर बवाल हुआ। मल्लिकार्जुन खरगे ने तो सीधे होम मिनिस्टर से ही मांग की है कि वे सदन में आकर बयान दें कि यह सब कैसे हुआ और आगे ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। इस मामले पर संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बयान भी जारी किया।

## किसी भी जेल में नहीं हुआ था लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू

**चंडीगढ़.** सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी और कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के जेल के अंदर से दो टीवी इंटरव्यू देने के मामले की जांच को लेकर पंजाब सरकार की स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम ने अपना जवाब पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में जमा किया है। पंजाब सरकार की तरफ से हाई कोर्ट में जवाब दायर कर कहा गया कि लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू पंजाब की न तो जेल में हुआ है, ना ही पंजाब पुलिस की कस्टडी में हुआ है। एडीजीपी जेल की तरफ से दो सदस्य कमेटी की रिपोर्ट हाई कोर्ट में पेश की गई। इसमें यह साफ कर दिया गया है कि लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू जारी होने के समय वह पंजाब की ना तो जेल में था न ही पंजाब पुलिस की कस्टडी। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है कि लॉरेंस का इंटरव्यू पंजाब की जेल में हुआ हो। कोर्ट को बताया गया कि उस दौरान वह दिल्ली और राजस्थान की पुलिस कस्टडी में था।

# लोकसभा घुसपैठ केस में 8 सुरक्षाकर्मी सस्पेंड

- पटियाला हाउस कोर्ट में पेशी
- संसद की सुरक्षा बढ़ी;
- जूता उतरवाकर चेकिंग

**नई दिल्ली.** 13 दिसंबर को संसद में घुसपैठ करने वाले दो आरोपियों और उनके दो सहयोगियों को गुरुवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। उधर सुरक्षा में चूक के चलते संसद सचिवालय ने गुरुवार को 8 सुरक्षाकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। इनके नाम रामपाल, अरविंद, वीर दास, गणेश, अनिल, प्रदीप, विमित और नरेंद्र हैं।



घटना के बाद पार्लियामेंट के अंदर और बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। गुरुवार को संसद के अंदर जाने वालों की जूते उतरवाकर चेकिंग की गई।इस बीच मेघालय के CM कॉनराड संगमा को मकर द्वार से बिल्डिंग के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। जिसके बाद संगमा अपनी कार से उतरे और शार्दुल द्वार से होते हुए संसद के अंदर गए।

उधर PM मोदी संसद पहुंचे और उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक की। मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह, BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और अनुराग ठाकुर मौजूद रहे।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों ने पहले ही संसद के बाहर की रेकी कर ली थी। सभी आरोपी एक सोशल मीडिया पेज 'भगत सिंह फैन क्लब' से जुड़े थे। लगभग डेढ़ साल पहले सभी आरोपी मैसूर में मिले थे।

आरोपी सागर जुलाई में लखनऊ से दिल्ली आया था लेकिन संसद भवन में इंट्री नहीं कर सका था। 10 दिसंबर को एक-एक करके सभी अपने-अपने राज्यों से दिल्ली पहुंचे।

घटना वाले दिन सभी आरोपी इंडिया गेट के पास इकट्ठा हुए, जहां सभी को कलर स्प्रे बांटा गया। पुलिस ने बताया, शुरुआती जांच के अनुसार संसद सुरक्षा उल्लंघन का मुख्य साजिशकर्ता कोई और है।

### UAPA के तहत केस दर्ज किया

उधर, दिल्ली पुलिस ने एंटी टेरर और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (**UAPA**) के तहत केस दर्ज कर लिया। लोकसभा सचिवालय के अनुरोध पर, गृह मंत्रालय ने इस घटना की जांच का आदेश दिया है। **CRPF** के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह के नेतृत्व में एक जांच कमेटी बनाई गई है। इसमें अन्य सुरक्षा एजेंसियों और एक्सपर्ट शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि कुल छह आरोपी हैं। दो अंदर घुसे थे, जबकि दो बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। पूछताछ में दो लोगों का और नाम सामने आया। फिलहाल पांच गिरफ्त में है और एक फरार है।

## हैदराबाद के कराची बेकरी में गैस सिलेंडर फटा, 15 घायल

**हैदराबाद.** तेलंगाना के हैदराबाद में राजेंद्र नगर स्थित कराची बेकरी में गुरुवार को गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। इससे बेकरी में मौजूद 15 मजदूर झुलस गए। इनमें छह की हालत गंभीर है।

बताया गया कि गैस लीकेज के कारण धमाका हुआ। घायलों में ज्यादातर मजदूर उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। बेकरी प्रबंधन ने सभी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज किया है।

वहीं, सीएम रेवंत रेड्डी ने कराची बेकरी में धमाके की घटना पर दुख जताया है। सीएम रेड्डी ने दुर्घटना में घायल हुए मजदूरों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

# भजनलाल पहली परीक्षा में होंगे पास या फेल

## सर्वे ने बताया अगली जंग का क्या होगा नतीजा



**नई दिल्ली.** राजस्थान में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शानदार जीत हासिल की। प्रदेश की कमान अब भजनलाल शर्मा के हाथ में दी गई है, जिन्हें 4-5 महीने बाद ही एक नई जंग का सामना करना पड़ेगा। अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव के दौरान एक बार फिर भाजपा और कांग्रेस को जनता के बीच जाना है। भाजपा एक बार फिर 2014 और 2019 वाला प्रदर्शन दोहरा पाएगी या नहीं यह देखना दिलचस्प होगा। हालांकि, इस बीच एक ताजा सर्वे में 24 के नतीजे का अनुमान लगाने की कोशिश की गई है।

### 2014-2019 का क्या था नतीजा

राजस्थान में लोकसभा की 25 सीटें हैं। 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने यहां सभी सीटों पर कब्जा जमाया था। इसके बाद 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। लेकिन 2019 में एक बार फिर मोदी मैजिक चला। पिछले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने सभी सीटों पर जीत हासिल की थी।

### क्या है ताजा सर्वे

टाइम्स नाउ ईटीजी ने लोकसभा चुनाव को लेकर जनता का मूड भांपने की कोशिश की है। सर्वे में अलग-अलग राज्यों के नतीजों का अनुमान भी लगाया गया है। सर्वे के मुताबिक, भाजपा एक बार फिर राजस्थान में क्लीन स्वीप कर सकती है। भाजपा 24-25 सीटों पर जीत दर्ज कर सकती है तो 'इंडिया' गठबंधन को 0-1 सीट हासिल होने की भविष्यवाणी की गई है।

## अपने ही देश में शरणार्थी हैं तिब्बती

**सिलीगुड़ी.** तिब्बती आध्यात्मिक नेता 14वें दलाई लामा ने गुरुवार को कहा कि तिब्बतियों को उनके अपने देश के विपरीत भारत में पूरी आजादी है। उन्होंने कहा कि तिब्बती लोगों पर उनके अपने देश में ₹बहुत ज्यादा नियंत्रण है₹। दलाई लामा ने सिलीगुड़ी में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ₹हम तिब्बती शरणार्थी बन गए। हमारे अपने देश में बहुत नियंत्रण है। लेकिन यहां भारत में हमें आजादी है।₹ तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने अपने निर्वासन और चीन द्वारा तिब्बत पर कब्जा करने के बारे में बोलते हुए कहा यह टिप्पणी की। बता दें कि 14वें दलाई लामा की बात करें तो उनका बचपन का नाम तेनजिन ग्यात्सो है। उनका जन्म 6 जुलाई, 1935 को उत्तरपूर्वी तिब्बत के एक छोटे से गाँव तकत्सेर में हुआ था।

## इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में ब्लास्ट, छात्र की हथेली उड़ी

- खिड़कियां-प्लास्टर टूटे;
- दीवार पर चिपके थे मांस के लोथड़े

**प्रयागराज.** इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के सर पीसी बनर्जी हॉस्टल में बुधवार शाम कमरा नंबर 68 में बम फटा। इस धमाके से पीसीबी के पूर्व छात्र प्रभात यादव की हथेली उड़ गई। उसके चेहरे और शरीर पर भी चोट आई है। एक और छात्र घायल हो गया है। लेकिन वह सामने नहीं आया है। पुलिस का मानना है कि हादसे के वक्त छात्र देशी बम में सुतली बांध रहे थे। तभी बम फट गया।



धमाका इतना तेज था कि दरवाजे की खिड़की टूट गई। दीवार के प्लास्टर उखड़ गए। धमाके की आवाज सुनकर दूसरे कमरों के छात्र दौड़े। 68 नंबर कमरे का मंजर देखकर वह सहम गए। यह कमरा दूसरे छात्रों के नाम पर अलॉट था। इसमें प्रभात और प्रत्यूष रह रहे थे।

छात्र की हालत गंभीर

पुलिस ने प्रभात और प्रत्यूष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल प्रभात यादव को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## IED ब्लास्ट में BSF हेड कांस्टेबल शहीद

**कांकेर.** छत्तीसगढ़ के कांकेर में गुरुवार को नक्सलियों के किए IED ब्लास्ट में BSF का एक जवान शहीद हो गया। दो दिन में जवानों पर इस तरह से ये दूसरा हमला है, जिसमें जवान की शहादत हुई है। एसपी दिव्यांग पटेल ने घटना की पुष्टि की है। मामला परतापुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, महला से BSF और जिला पुलिस बल की टीम संयुक्त रूप से गश्त पर निकली थी। इसी दौरान सदाकटोला गांव के पास नक्सलियों ने IED ब्लास्ट कर दिया। इसकी चपेट में आकर BSF के हेड कॉन्स्टेबल अखिलेश राय (45) घायल हो गए। इसके बाद उन्हें कैंप लाया गया।

### गाजीपुर निवासी थे अखिलेश

कैंप में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख हेड कॉन्स्टेबल अखिलेश राय को पंखाजूर सिविल अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। शहीद जवान अखिलेश राय उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के रहने वाले थे।

# UP की महिला जज ने CJI से मांगी इच्छा मृत्यु

- 2022 में हुआ शोषण

**बांदा.** यूपी के बांदा जिले में तैनात महिला जज ने इच्छा मृत्यु मांगी है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (CJI) को लेटर लिखा है। इसमें कहा- भरी अदालत में मेरा शारीरिक शोषण हुआ। मैं दूसरों को न्याय देती हूं, लेकिन खुद अन्याय का शिकार हुई।

जब मैंने जज होते हुए इंसाफ की गुहार लगाई, तो 8 सेकेंड में सुनवाई करके पूरा मामला अनसुना कर दिया गया। मैं लोगों के साथ न्याय करूंगी, यह सोचकर सिविल सेवा जॉइन की थी। मगर मेरे साथ ही अन्याय हो रहा है। अब मेरे पास सुसाइड के अलावा कोई और ऑप्शन नहीं बचा है। इसलिए मुझे इच्छा मृत्यु की इजाजत दी जाए।

महिला जज के मुताबिक, 7 अक्टूबर 2022 को बाराबंकी जिला बार एसोसिएशन ने न्यायिक कार्य के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित कर रखा था। उसी दिन सुबह साढ़े 10 बजे मैं अदालत में काम कर रही थी। इसी दौरान बार एसोसिएशन के महामंत्री और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कई वकीलों के साथ कोर्ट कक्ष में घुस आए। मेरे साथ बदसलूकी शुरू कर दी।

इस दौरान गाली-गलौज करते हुए कमरे की बिजली बंद कर दी गई। वकीलों को जबरन बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद उन्होंने मुझे धमकी दी। हमने इसकी शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। हालांकि इस घटना को लेकर बार एसोसिएशन ने कार्य का बहिष्कार किया था।

# शमी बोले- भारतीय मुस्लिम होने पर गर्व

- कहा- भारत में कहीं भी सजदा कर सकते हैं
- वर्ल्ड कप में ग्राउंड पर बैठने से हुई थी कंट्रोवर्सी



वनडे वर्ल्ड कप के टॉप विकेट टेकर भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दौरान हुई सजदा कॉन्ट्रोवर्सी पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि वह सजदा करना चाहें, तो भारत में कहीं पर भी कर सकते हैं और उन्हें कोई नहीं रोकेगा।

शमी ने यह बात मीडिया कार्यक्रम में एक सवाल के जवाब में कहा। शमी ने वर्ल्ड कप में 7 मैचों में 24 विकेट लेकर टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

दरअसल वर्ल्ड कप के दौरान श्रीलंका के खिलाफ लीग मैच में मोहम्मद शमी ने श्रीलंका के खिलाफ 5 विकेट लेने के बाद कुछ देर के लिए घुटनों के बल बैठ गए थे, जिसके बाद सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी यूजर्स ने कहना शुरू कर दिया कि भारतीय गेंदबाज सजदा करना चाहता था मगर डर के चलते नहीं किया।

इंटरव्यू के दौरान जब शमी से पूछा गया कि जब आप पांच विकेट लेने के बाद घुटनों पर बैठे थे तो सोशल मीडिया पर कई पाकिस्तानी यूजर ने सवाल खड़े किए थे। कहा गया कि शमी इंडियन मुस्लिम है, इसलिए डर की वजह से सजदा नहीं कर पर पाया।

### गर्व से कहता हूं कि मैं भारतीय मुस्लिम हूं

शमी ने जवाब में कहा, 'सजदा कोई करना चाहता है तो कौन रोकेगा। मैं करना चाहूंगा तो कर लूंगा ना। मैं मुस्लिम हूं, गर्व से कहता हूं कि मुस्लिम हूं। मैं इंडियन हूं तो गर्व से कहता हूं कि हां मैं इंडियन हूं। इसमें क्या दिक्कत है। अगर मुझे कोई दिक्कत होती तो भाई मुझे यहां इंडिया में रहना ही नहीं चाहिए था। अगर मुझे मेरा सजदा करने के लिए किसी की परमिशन की जरूरत पड़ती तो मैं रहूंगा ही क्यों यहां पर। भारत में हर मंच पर सजदा कर सकता हूं।'

# बोरवेल में नवजात गिरी, बल्ब की गर्मी से जान बची

- प्लास्टिक की बॉटल पर अटकी
- जिसने कुशन का काम किया; 5 घंटे रेस्क्यू चला

**संबलपुर.** ओडिशा के संबलपुर जलि में एक नवजात बच्ची 20 फुट गहरे बोरवेल में गिर गई। उसके रोने की आवाज सुनकर फौरन बचाव अभियान शुरू किया गया। पांच घंटे के बाद मंगलवार (12 दिसंबर) की रात बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

रेस्क्यू टीम ने बताया कि बोरवेल में टेम्परेचर काफी कम था। बचाव के दौरान 100 वॉट का बल्ब डाला गया, जिसकी गर्मी से बच्ची की जान बची रही। साथ ही बताया कि बच्ची जब बोरवेल में गिरी तो वह एक प्लास्टिक की बॉटल पर अटक गई थी, जिसने उसके लिए कुशन का काम किया। बॉटल के ऊपर अटकने से वह डायरेक्ट बोरवेल के तल से नहीं टकराई और उसको गंभीर चोटें नहीं आईं।

बचाव ऑपरेशन पूरा होने के बाद बच्ची को संबलपुर के एक अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने बताया कि बोरवेल से गिरी बच्ची के शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। बोरवेल में टेम्परेचर भी काफी कम था। इससे बच्ची का बॉडी टेम्परेचर कम हो गया था, लेकिन अब स्थिति में काफी सुधार है।



### रेस्क्यू ऑपरेशन की कहानी...

संबलपुर जिले के रेंगाली के लारीपली गांव में 20 फुट गहरे बोरवेल से एक बच्ची की गांववालों को मंगलवार (12 दिसंबर) को आवाज आई। गांववालों ने तुरंत पुलिस को बताया। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। गांव में मंगलवार रात को 12 डिग्री सेल्सियस तापमान था। जमीन के नीचे बोरवेल में टेम्परेचर और भी कम था।

बोरवेल में जब ऑक्सीजन स्पलाई शुरू हुई तो बच्ची ने रोना बंद कर दिया। बच्ची को गर्मी और रोशनी पहुंचाने के लिए 100 वॉट का बल्ब बोरवेल में डाला गया। इसके बाद बोरवेल में कैमरा डाला गया, जिससे बच्ची की लोकेशन का पता लगा। इसके बाद लोहे के पाइप (बोरवेल) को काटा गया और बच्ची को बाहर निकाल लिया गया। यह पूरा ऑपरेशन 5 घंटे तक चला।

अभी पता नहीं चल पाया है कि बच्ची बोरवेल में कैसे गिरी। गांववालों के मुताबिक, उसे किसी ने बोरवेल में फेंक दिया था। पुलिस का कहना है कि बच्ची लारीपली गांव की रहने वाली नहीं है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी रेस्क्यू टीम का धन्यवाद किया। पटनायक ने X पर लिखा- मैं बच्ची की लंबी आयु की कामना करता हूं।

## वाराणसी से चलेगी एक और वंदे भारत

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार वाराणसी से नई दिल्ली के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना किया था। अब ऐसा बताया जा रहा है कि पीएम मोदी 18 दिसंबर को नई दिल्ली-वाराणसी रूट पर दूसरी वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन कर सकते हैं। वाराणसी से नई दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत की लोकप्रियता के बाद इस रूट पर एक और वंदे भारत चलाने की योजना बनाई जा रही है, जो मौजूदा वंदे भारत की टाइमिंग से भिन्न होने वाली है। रेलवे अधिकारियों ने द हिंदू अखबार को बताया कि दूसरी ट्रेन शुरू की जा रही है क्योंकि इस रूट पर इस ट्रेन की मांग बहुत बढ़ गई है।

## BJP नेता की हथेली काटने वालों के घर चला बुलडोजर

**भोपाल.** भोपाल में BJP नेता की हथेली काटने वाले 5 आरोपियों के 3 घर गुरुवार को बुलडोजर चलाकर ढहा दिए गए। आरोपियों ने 5 दिसंबर को तलवार मारकर जपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ अरेरा मंडल के महामंत्री देवेंद्र सिंह ठाकुर की हथेली काट दी थी। हमले के 9वें दिन आरोपियों पर कार्रवाई हुई। डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद ये पहला एक्शन है।


### आम सूचना

मैं श्रीमती आशा यशवंत हयालिंगे सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 403, चौथा माला, अंबिका दर्शन अपार्टमेंट, रुम नं. 219 व 220, ब्लॉक नं. सी-59, चोपड़ा कोर्ट, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 29सीओ005297700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सविता रमेशचंद्र अरोड़ा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती आशा यशवंत हयालिंगे

### उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

**शहर अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग यांचे कार्यालय**

उल्हासनगर महानगरपालिका शहरामधील खाली नमुद 3 कामे योग्य वर्गातील ठेकेदाराकडून निविदा प्रणाली पध्दतीनुसार महानगरपालिकेच्या अटी व शतीस अधिन राहून दिनांक 15/12/2023 रोजी निविदा मागविण्याकरीता प्रसिध्द करण्यात येत आहे.

सदर निविदा प्रणालीबाबत इतर आवश्यक माहिती www.umc.gov.in या संकेत स्थलावर प्रसिध्द करण्यात आली आहे.

| अ. क्र. | निविदा क्रमांक | कामाचे नाव | रक्कम | टक्केवारी | कालावधी | वर्गवारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उमपा/साबांवि/नोटीस /2023-24/3/1 | उल्हासनगर-4 येथील बॅरेक नं.1464, 1447 जवळ मुरली पाटकर यांचे घरापर्यंत सि.सि. पेव्हमेंट व नाली बनविणे | 699100 | 1% | 3 महिने | VI TH |
| 2. | उमपा/साबांवि/नोटीस /2023-24/3/2 | उल्हासनगर-4 येथील तबली चाळ येथे सि.सि. पेव्हमेंट व नाली बनविणे | 600000 | 1% | 3 महिने | VI TH |
| 3. | उमपा/साबांवि/नोटीस /2023-24/3/3 | उल्हासनगर-4 मधील आत्मप्रकाश बिल्डींग वसिटा कॉलनी, शिवनगर येथील सि.सि. पेव्हमेंट व नाली बनविणे | 699440 | 1% | 3 महिने | VI TH |

सदर निविदा प्रणाली बाबत इतर आवश्यक माहिती www.umc.gov.in या संकेत स्थलावर प्रसिद्ध करण्यात आली आहे.

जा.क्र. उमपा/पिआरओ/669/2023.
दिनांक : 14/12/2023

सही/-
कार्यकारी अभियंता (साबांवि)
उल्हासनगर महापालिका

## संक्षेप...

### अंबरनाथ में जगदगुरुओं का आगमन आज

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में आज अयोध्या नगर के जगद्गुरुओं का आगमन हो रहा है. उनके स्वागत और आशीर्वाद लेने के लिए पनवेलकर और दलाल परिवार की ओर से आह्वान किया गया है कि जगद्गुरुओं का आशीर्वाद लेने व दर्शन करने के लिए शुक्रवार दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक पनवेलकर मंगल कार्यालय पूर्व में आएं. शहर के उद्योजक विश्वनाथ पनवेलकर ने अधिक जानकारी दी है कि अयोध्या नगरी के जगद्गुरुओं में जगद्गुरु परमहंस आचार्याजी महाराज अयोध्या तपस्वी, अयोध्या छावनी पीठ के एकनाथ महाराज, नर्मदा के स्वामी शिवगिरी महाराज, नागा आशीषगिरी महाराज मथुरा, सिंहस्थ कुंभनगरी प्रयागराज, राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व हिंदू संत परिषद हरिद्वार कुंभ मेला समिति के प.पू. महंत श्री रामनारायण दास जी व अन्य इन सभी अयोध्या नगरी के जगदगुरुओं का अंबरनाथ में दर्शन कर सकते हैं.

# महाराष्ट्र में 10 महीनों में 2366 किसानों ने की आत्महत्या

■ **अमरावती डिवीजन का सबसे बुरा हाल**



**नागपुर.** सरकार के तमाम दावों के बावजूद महाराष्ट्र में अन्नदाताओं की आत्महत्या की घटनाएं लगातार हो रही हैं। कर्ज, फसल की बर्बादी आदि कारणों से इस साल हजारों किसानों ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस संबंध में चौंकाने वाले आंकड़े पेश किए हैं।

महाराष्ट्र के राहत और पुनर्वास मंत्री अनिल पाटिल ने गुरुवार को राज्य विधानसभा को सूचित किया कि इस साल जनवरी से अक्टूबर के बीच महाराष्ट्र में 2,366 किसानों ने आत्महत्या की है। कांग्रेस विधायक कुणाल पाटिल द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने कहा कि अमरावती राजस्व डिवीजन में किसानों की आत्महत्या से सबसे अधिक 951 मौतें हुईं।

मंत्री अनिल पाटिल ने कहा, ₹महाराष्ट्र सरकार को इस साल जनवरी से अक्टूबर तक 2,366 किसानों की आत्महत्या से मौत की रिपोर्ट मिली है।₹ उन्होंने कहा, ₹राज्य सरकार आत्महत्या से मरने वाले किसानों के परिजनों को 1 लाख रुपये देती है।₹

राज्य सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, विभिन्न कारणों से अमरावती डिवीजन में 951 किसानों ने अपनी जान दे दी, इसके बाद छत्रपति संभाजीनगर डिवीजन में 877, नागपुर डिवीजन में 257, नासिक डिवीजन में 254 और पुणे डिवीजन में 27 किसानों ने अपनी जीवन लीला समाप्त की।

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद एकनाथ शिंदे ने दावा किया कि उनका पहला प्रयास राज्य में किसानों की आत्महत्या को रोकना होगा। हालांकि, आत्महत्या रोकने के लिए सरकारी स्तर पर की जा रही कोशिशें भी नाकाम होती दिख रही हैं।

राज्य के किसान कर्ज, फसल का खराब होना जैसे विभिन्न कारणों से बिगड़ी आर्थिक स्थिति की वजह से आत्महत्या कर रहे हैं। पिछले साल (1 जनवरी से 31 दिसंबर 2022 तक) अकेले मराठवाडा क्षेत्र में 1 हजार 22 किसानों की आत्महत्या के मामले सामने आए थे। अधिकांश किसानों की मौत जहर खाने, फांसी लगाने, डूबने से हुई है।


### सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत शनिवार को कल्याण में

**कल्याण.** सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत शनिवार को कल्याण पहुंचेंगे और कल्याण जनता सहकारी बैंक के स्वर्ण जयंती वर्ष के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहेंगे.

कल्याण शहर में सहकारी क्षेत्र में कल्याण जनता सहकारी बैंक की शुरुआत 23 दिसंबर 1973 को 50 हजार रुपये की शुरुआती शेयर पूंजी के साथ की गई थी. ठाणे जिले के अग्रणी बैंक कल्याण जनता को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड 23 दिसंबर को 50 साल सफलतापूर्वक पूरे कर रही है, इस अवसर पर बैंक ने शनिवार को स्वर्ण जयंती वर्ष के समापन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया हैं. 16 दिसंबर को शाम 5.30 बजे आचार्य अत्रे रंग मंदिर कल्याण (प.) में का आयोजन किया गया है. बैंक के स्वर्ण जयंती समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मौजूद रहेंगे. बैंक को 2017 में बहुराज्यीय दर्जा प्राप्त किया जा चुका है.

## 'लोगों की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी'

■ **संसद की सुरक्षा में चूक पर उद्योग मंत्री सामंत**



नागपुर. संसद भवन में बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले के बाद वहां की सुरक्षा व्यवस्था पर तमाम सवाल उठ रहे हैं। हर कोई सख्ते में आ गया है। नागपुर में राज्य विधानमंडल का सत्र चल रहा है। ऐसे में महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विजिटर पास जारी नहीं करने का फैसला लिया है। इस बीच, यहां के एक मंत्री का कहना है कि सदन के सदस्यों और सदन के बाहर के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है।

महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने कहा, 'सदन के सदस्यों और यहां के बाहर के लोगों की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। हमारा गृह विभाग छगन भुजबल से बात करने के बाद आवश्यक कार्रवाई करेगा क्योंकि यह सरकार सभी को सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैयार है।' उन्होंने आगे कहा कि मराठा आरक्षण पर सीएम जल्द से जल्द जवाब देंगे।

## 'पुरानी पेंशन योजना पर बजट सत्र से पहले लिया जाएगा फैसला'

■ **उप मुख्यमंत्री अजित पवार का बयान**



**नागपुर.** महाराष्ट्र में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने की मांग कर रहे सरकारी कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। यहां के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नेआश्वासन दिया है कि आगामी बजट सत्र से पहले इस बारे में निर्णय ले लिया जाएगा।

बता दें, राज्य विधानसभा का बजट सत्र सामान्य तौर पर हर साल फरवरी-मार्च में होता है।

नागपुर में विधान भवन परिसर में पत्रकारों को पवार ने ओपीएस की मांग कर रहे सरकारी कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से हुई बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मांग पर विचार करने के लिए गठित समिति की रिपोर्ट मिल गई है।

**यह है ओपीएस**

महाराष्ट्र में अनेक सरकारी और अर्द्ध-सरकारी कर्मचारी ओपीएस को बहाल करने की मांग कर रहे हैं, जिसे राज्य में 2005 में बंद कर दिया गया था। ओपीएस के तहत सरकारी कर्मचारी को उसके अंतिम वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर मासिक पेंशन मिलती थी। तब इसमें कर्मचारियों की ओर से अंशदान की जरूरत नहीं होती थी।

### मुंबई अंतरराष्ट्रीय हिंदी लिटफेस्ट 10 जनवरी से



**मुंबई.** विश्व हिंदी अकादमी और मालवा रंगमंच द्वारा प्रतिवर्ष होने वाले मुंबई अंतरराष्ट्रीय हिंदी लिटफेस्ट का आयोजन वर्ष 2024 में विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी के अवसर पर आरम्भ होकर 14 जनवरी 2024 को सम्पन्न होगा। आयोजन के मुख्य संयोजक केशव राय ने बताया कि यह आयोजन पाँच दिनों तक मुंबई के अलग-अलग स्थानों पर होगा। जिसमें 10 जनवरी को अँधेरी स्थित मुक्ति कल्चरल हब,11जनवरी को नेहरू सेंटर वर्ली,12को पुनः अँधेरी,13 को एनसीपीए चर्चगेट और 14 को मुक्ति कल्चरल हब,अँधेरी में समापन होगा। इस साहित्यिक उत्सव में कुल 70 सत्र होंगे। जिसमें 60 देशों से लगभग 110 वक्ता भाग लेंगे। अधिक जानकारी के लिए केशव राय से 98194 83218 संपर्क कर सकते हैं।

## मुंबई मनपा ने किया नियमों का उल्लंघन

■ **मनपा मुख्यालय में संशोधित प्लान की मंजूरी के बिना नवीनीकरण**



**मुंबई.** बिल्डिंग में बदलाव करने के दौरान नियम का अनुपालन करने के लिए निर्देश देने वाली मनपा ने इस बार खुद ही नियमों का उल्लंघन कर दिया है। चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि मनपा मुख्यालय में संशोधित प्लान की मंजूरी के बिना विभिन्न नवीकरण कार्य किए गए हैं। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, ठेकेदार द्वारा केवल ड्राइंग प्रस्तुत की गई है और किसी भी कार्य के लिए कोई संशोधित प्लान प्रस्तुत नहीं किया गया है।

आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने मनपा मुख्यालय में किए गए विभिन्न कार्यों की जानकारी मांगते हुए मनपा से संशोधित प्लान मांगा था। मनपा ने वर्ष 2014 से अब तक मनपा के मुख्यालय में विभिन्न नवीकरण कार्यों के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी। चूंकि नवीकरण कार्यों के लिए कोई संशोधित प्लान उपलब्ध नहीं था, इसलिए मनपा ने एक निजी परियोजना प्रबंधन सलाहकार द्वारा प्रस्तुत चित्र दिए हैं। इसमें स्काईवे इंफ्राप्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विस्तारित भवन के भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल पर किए गए सुधार कार्य के लिए बिल्डिंग प्रपोजल स्पेशल सेल से संशोधित प्लान की मंजूरी नहीं ली गई। भूतल, पहली मंजिल, दूसरी मंजिल, तीसरी मंजिल, चौथी मंजिल और पांचवीं मंजिल पर किए गए सुधार कार्य के लिए संशोधित प्लान को बिल्डिंग प्रपोजल स्पेशल यूनिट द्वारा मंजूरी नहीं ली गई।

अनिल गलगली के मुताबिक यहां किया गया बदलाव भविष्य के लिए खतरनाक है। दिलचस्प बात यह है कि मनपा मुख्यालय में सुधार कार्य के मामले में मनपा आर्किटेक्ट की सहमति से योजना की मंजूरी की आवश्यकता होती है, लेकिन इन कामों में एक निजी आर्किटेक्ट द्वारा तैयार की गई ड्राइंग पर काम किया है। गलगली की मांग है कि अब संशोधित प्लान की मंजूरी मनपा आर्किटेक्ट की सहमति से इमारत प्रस्ताव विशेष कक्ष से लेने का निर्देश दिया जाए।

**ख़तरे में मुख्यालय!**

संशोधित योजना की मंजुरी के बिना नवीनीकरण और अन्य आंतरिक परिवर्तनों में भूतल पर राजनीतिक दल, हेरिटेज हॉल, नकदी विभाग, संरक्षण, सीए कार्यालय शामिल हैं। दूसरी मंजिल पर एक संग्रहालय है। पहली मंजिल पर अध्यक्ष कार्यालय, वाचनालय है। दूसरी मंजिल पर उपमहापौर कार्यालय, विधी कार्यालय, अतिरिक्त आयुक्त कार्यालय, आपातकालीन विभाग हैं। तीसरी मंजिल पर निदेशक, उपायुक्त और सीए का कार्यालय है। सीए फाइनेंस, एमसीए, आईटी, पूछताछ विभाग के कार्यालय चौथी मंजिल पर हैं जबकि विकास योजना का कार्यालय पांचवीं मंजिल पर है।

## स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना प्राथमिकता-आयुक्त जाखड़

■ **15-17 दिसंबर विकसित भारत संकल्प यात्रा का दूसरा चरण**




**कल्याण.** स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसलिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयुष्मान भारत योजना को क्रियान्वित किया जा रहा है।

गुरुवार को महापालिका की ओर से आयोजित पत्रकार परिषद में केडीएमसी की कमिश्नर डा.इंदुराणी जाखड़ ने कहा कि महापालिका क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना के करीब 565 कार्ड बनाए गए हैं।

महापालिका आयुक्त श्रीमती जाखड़ ने बताया कि 15 से 17 दिसंबर के दरमियान विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण में आयुष्मान भारत योजना की तरह केंद्र सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। मनपा प्रशासन ने कल्याण-डोंबिवली में 70 हजार का टारगेट रखा है, जिसमें 565 लोगों को आयुष्मान भारत योजना के कार्ड दिए जा चुके हैं। साथ ही इस योजना को कल्याण-डोंबिवली के पैनल में दस अस्पतालों से लिंक किया गया है, जहां लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की बात करते हुए कहा कि, केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वैन के माध्यम से डिस्प्ले किया जा रहा है, ताकि लोग जान सकें। पत्रकार परिषद में केडीएमसी के अतिरिक्त आयुक्त मंगेश चितले, उद्यान अधीक्षक संजय जाधव एवं जनसंपर्क अधिकारी माधवी पोफले सहित मनपा के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## 44 सफाईकर्मियों को नोटिस

■ **लापरवाही पड़ी भारी**

**भिवंडी.** मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने शहर स्वच्छता में सफाई कर्मियों को लापरवाही नहीं किए जाने के कड़क निर्देश दिए हैं.मनपा प्रशासक वैद्य के आदेश पर आरोग्य सहायक आयुक्त फैसल तातली एवम प्रभाग क्रमांक 2 सहायक आयुक्त सुधीर गुरव ने ड्यूटी से लापरवाही बरतने वाले 44 सफाई कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाब तलब किया है. लापरवाही में लिप्त सफाई कर्मियों को कारण बताओं नोटिस मिलने से अन्य सफाई कर्मियों में हड़कंप मच गया है. गौरतलब हो कि, मनपा प्रशासन द्वारा शहर स्वच्छता को प्राथमिकता से लेते हुए शहर स्वच्छता में कोई कोताही, लापरवाही नहीं किए जाने का निर्देश आरोग्य विभाग को दिया है. सफाई कर्मियों की लापरवाही की वजह से शहर में ठीक से सफाई नहीं होने से शहर में चहुंओर कचरा पड़ा रहता था. नागरिकों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके एवं संजय हेरवाड़े ने संयुक्त रूप से शहर स्वच्छता को लेकर आरोग्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों से बैठक कर शहर की साफ सफाई में कोई भी लापरवाही नहीं की जाने के निर्देश दिए हैं.

### आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं श्रीमती लक्ष्मी वसंत कसबे आम जनता को सूचित करना चाहती हूँ कि मैंने श्री जगदीश बाळाराम फुलोरे से प्रापर्टी का सौदा दिनांक 24/07/2013 को किया है। प्रार्टी का विवरण इस प्रकार है:- घर नं. 8821, गायकवाड पाडा नं. 1, पालेगांव रोड, जूना अंबरनाथ गांव, अंबरनाथ (पुर्व), तालुका अंबरनाथ, जिल्हा ठाणे में बना हुआ है। जिसका वार्ड नं.09, प्रापर्टी नं.0904008133, S.R. No.61/2013, न जिसकी एरिया 900 Sq.ft., है।

उक्त प्रापर्टी को मैं श्रीमती लक्ष्मी वसंत कसबे अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रही हूँ। अतः इस प्रार्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ती, संस्था या अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों के बाद आए किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जाएगा और चेंज ऑफ नेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

सही/-
**श्रीमती लक्ष्मी वसंत कसबे**

## कार्तिक स्टारर भूल भुलैया-3 में पलक तिवारी की एंट्री

■ **एक्ट्रेस के साथ मेकर्स की चर्चा जारी**

■ **फाइनल स्टेज पर है डील, जल्द हो सकती है अनाउंसमेंट**



कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'भूल भुलैया 2' पिछले साल रिलीज हुई सभी फिल्मों में सफल फिल्म थी। वहीं अब फिल्म के डायरेक्टर अनीस बज्मी, कार्तिक और प्रोड्यूसर भूषण कुमार की टीम 'भूल भुलैया 3' पर काम करने को तैयार है। ऐसी खबरें आ रही हैं कि इस फिल्म में एक्ट्रेस पलक तिवारी भी खास किरदार निभाएंगी। इंडस्ट्री के खास सूत्रों ने खुलासा किया है कि 'भूल भुलैया 3' में उनको लेने की चर्चा चल रही है। सबकुछ फाइनल होने के बाद इसकी ऑफिशियल जानकारी दी जाएगी। कुछ दिनों पहले मिली जानकारी के हिसाब से फिल्म 'भूल भुलैया 3' में आर्यन के अपोजिट सारा अली खान को कास्ट किया जा सकता है। कार्तिक और सारा ने इससे पहले 2020 में रिलीज हुई इम्तियाज अली की फिल्म 'लव आज कल' में साथ काम किया था। इस फिल्म के दौरान दोनों का अफेयर था, बाद में कपल का ब्रेक अप हो गया था।

**सिर्फ कार्तिक का ही नाम हुआ फाइनल**

इसी बीच यह भी चर्चा थी कि एक्ट्रेस तब्बू, जिन्होंने 'भूल भुलैया 2' में अहम रोल प्ले किया था, वो इस फिल्म में नजर नहीं आएंगी। हालांकि, बाद में यह पता चला कि अभी तक इसके तीसरे पार्ट के लिए कार्तिक आर्यन का ही नाम फाइनल किया गया है।

**दिवाली 2024 में रिलीज होगी फिल्म**

बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट की मानें तो हॉरर-कॉमेडी 'भूल भुलैया 3' फरवरी 2024 में फ्लोर पर जाएगी। इसमें कार्तिक-सारा एक बार फिर से साथ काम करते नजर आ सकते हैं।

### आम सूचना

मैं श्रीमती अदिरा दिलीप पाटील सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, ब्लॉक नं. सी-617, दीपक दरबार के पास, नेताजी, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 53डीआय011441000)। उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुनिता टी.शर्मा के नाम पर है। मैंने श्री ईश्वर राजू जलवानी से सेल एग्रीमेंट दि. 24.12.2021 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती अदिरा दिलीप पाटील**

### आम सूचना

मैं श्री अमरीश अरुण जैसवाल सभी को सूचित कर रहा हूं कि हाफ पोर्शन आफ रुम, इंदिरा नगर, भीम नगर, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 43सीओ012403800(पार्ट)। उक्त प्रॉपर्टी श्री अरुण कुमार जैसवाल के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 17.9.2021 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अमरीश अरुण जैसवाल**

### आम सूचना

मैं श्री अरविंद अरुण जैसवाल सभी को सूचित कर रहा हूं कि हाफ पोर्शन आफ रुम, इंदिरा नगर, भीम नगर, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 43सीओ012403800(पार्ट)। उक्त प्रॉपर्टी श्री अरुण कुमार जैसवाल के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 17.9.2021 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अरविंद अरुण जैसवाल**

### आम सूचना

मैं श्रीमती सुषमा अरुण जैसवाल सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 1302 के पास, भीम नगर, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 43सीओ012649900)। उक्त प्रॉपर्टी श्री विकी अल्यास मल्लेश वेंकटेश काशकुल के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 8.6.2017 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सुषमा अरुण जैसवाल**

### आम सूचना

मैं श्रीमती हनीशा विजय धारवानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 402, भगवती अपार्टमेंट, बैरक नं. 521, रुम नं. 6 व 7, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 23बीआय016983000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती समीरुल निशा असगर अंसारी के नाम पर है। मैंने इनसे सेल एग्रीमेंट दि. 20.10.2020 सी.नं.2249/2020 द्वारा मैंने खरीदी है। श्रीमती समीरुल निशा असगर अंसारी इन्होंने उपरोक्त मिळकत श्रीमती सुनिता राजकुमार जुमानी इससे एग्रीमेंट फॉर सेल से दि. 27/10/2016 को खरेदी किया है। और श्रीमती सुनिता राजकुमार जुमानी इन्होंने श्री हिरालाल सी. पारवानी से एग्रीमेंट फॉर सेल से दि. 19/02/2001 को खरेदी किया है। श्री हिरालाल सी. पारवानी इन्होंने श्रीमती विद्या भिकचंद मुरपानी से एग्रीमेंट फॉर सेल से दि. 02/04/1999 को खरेदी किया है और श्रीमती विद्या भिकचंद मुरपानी इन्होंने श्री राजकुमार एम. रामचंदानी से एग्रीमेंट फॉर सेल से दि. 01/06/1996 को खरेदी किया है। और श्री राजकुमार एम. रामचंदानी इन्होंने श्री कन्हैयालाल एस. जेसवानी से एग्रीमेंट फॉर सेल से दि. 27/03/1992 को खरेदी किया है। कन्हैयालाल एस. जेसवानी ने श्री मनोहर डी. रामचंदाणी से एग्रीमेंट फॉर सेल से दि. 27/03/1992 रोजी खरेदी किया है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती हनीशा विजय धारवानी**

उल्हास वि NEWS www.ulhasvikas.com ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
21Lakhs THANK YOU Viewer's
21,00,000
उल्हास वि NEWS ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099